## खबर संक्षेप

### निर्वाचन प्रक्रिया में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण - डॉ. सिडाना

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत आयोजित सेक्टर अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है। निर्वाचन सामग्री वितरण से लेकर निर्वाचन के उपरांत सामग्री वापसी तक के कार्यों में सेक्टर अधिकारी एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। मतदान दलों की सुविधा की दृष्टि से सभी सेक्टर अधिकारी पॉलीटेक्निक परिसर का भ्रमण कर वहां पर बनाए गए काउंटर्स तथा सुविधाओं की जानकारी पहले से ही प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी अपने मतदान दलों के सतत संपर्क में रहें। दल के सभी सदस्यों से समन्वय कर 17 अप्रैल की शाम तक उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें। 18 अप्रैल को सुबह लीड करते हुए सभी दलों को सामग्री दिलवाएं तथा आवंटित वाहनों से उन्हें संबंधित मतदान केन्द्र तक पहुंचाते हुए ओके रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा कि 18 अप्रैल को सभी सेक्टर अधिकारी अपने सेक्टर के किसी मतदान केन्द्र में ही रात्रि विश्राम करें। बीएलओ से समन्वय कर मतदान दलों के लिए की गई व्यवस्थाओं में सहयोग करें। 19 अप्रैल को सुबह 5 बजे से सभी मतदान दलों से संपर्क करते हुए मॉकपोल सहित अन्य प्रक्रियाएं संपन्न कराएं तथा चाही गई जानकारियां कंट्रोल रूम में प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित करें कि मतदान दल के सभी सदस्य अनिवार्य रूप से आवंटित मतदान केन्द्र में ही रात्रि विश्राम करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि किसी मतदान केन्द्र में ईव्हीएम संबंधी कोई भी समस्या आने पर उसका 30 मिनिट में समाधान करने का प्रयास करें।

### 21 व 22 अप्रैल को होगा दो दिवसीय परिक्रमा का आयोजन

# जारी है उत्तर वाहिनी नर्मदा परिक्रमा

*** रोजाना नर्मदा भक्त कर रहे हैं परिक्रमा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



विगत चार वर्षो से मंडला जिले में उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा में बड़ी संख्या में नर्मदा भक्त शामिल हो रहे हैं। इस वर्ष उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा का आयोजन चैत्र माह में दो बार किया जाएगा। इसके अलावा अन्य जिले और प्रदेशों से नर्मदा भक्त अपनी श्रृद्धा भक्ति अनुसार पूरे चैत्र माह में मंडला में आकर उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा करते है। इस नर्मदा परिक्रमा में महाराष्ट्र के नर्मदा भक्तों की संख्या ज्यादा होती है। इस वर्ष भी मंडला में दो दिवसीय उत्तरवाहिनी परिक्रमा माहिष्मती मां नर्मदा उत्तर वाहिनी परिक्रमा आयोजन समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले ही सैकड़ों भक्तों ने मंडला में आकर उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर लिए है। बताया जाता है कि माँ नर्मदा की पैदल यात्रा करने पर यह परिक्रमा 3 साल 3 महीने और 13 दिन में पूरी होती है। इसके लिए कुल 2,600 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।

जानकारी अनुसार माहिष्मती मां नर्मदा उत्तर वाहिनी परिक्रमा आयोजन समिति द्वारा आगामी 21 व 22 अप्रैल को जिले में उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा आयोजित करेंगी। इसके पहले ही सैकड़ों नर्मदा भक्त परिक्रमा करने के लिए पहुंच रहे है। दूसरे जिले और प्रदेशों से पहुंचे नर्मदा भक्तों ने घाघा में रात्रि विश्राम कर रहे है। वहां महाआरती के बाद देर रात तक भजन-कीर्तन का दौर भी चल रहा है। महाराष्ट्र समेत अन्य जिलों से पहुंचे माँ नर्मदा भक्तों का माहिष्मती मां नर्मदा उत्तर वाहिनी परिक्रमा आयोजन समिति द्वारा अभिनंदन किया जा रहा है। आगामी 21 एवं 22 अप्रैल के पूर्व से ही उत्तर वाहिनी परिक्रमा के लिए भक्तों का आना प्रारंभ हो गया है। परिक्रमा के लिए पहुंचने वाले भक्तों का समिति के द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था कर धर्मशाला में रूकने की व्यवस्था बनाई जा रही है।



#### परिक्रमावासियों की कर रहे सेवा

जिले में आयोजित होने वाली मां नर्मदा की उत्तर वाहिनी परिक्रमा में चैत्र माह में सैकड़ों, हजारों लोग यहां आकर नर्मदा परिक्रमा करते है। इन परिक्रमावासियों के लिए जिले के भक्त अपनी श्रृद्धा अनुसार उनके लिए परिक्रमा पथ पर भोजन, पानी समेत अन्य व्यवस्थाएं करते है। व्यास नारायण मंदिर से शुरू होने वाली उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा का प्रथम पड़ाव ग्राम घाघा के नर्मदा तट किनारे होता है। इस एक तरफ के परिक्रम पथ पर सैकड़ों भक्त परिक्रमावासियों के लिए कई तरह की व्यवस्थाएं बना रहे है। वहीं दूसरी ओर नर्मदा पार करने के बाद जबलपुर मंडला मार्ग में परिक्रमावासियों के लिए कम व्यवस्थाएं है। कुछ भक्तों ने नगरवासियों समेत भक्तों से अपील की है कि गर्मी को देखते हुए उत्तरवाहिनी परिक्रमा कर रहे भक्तों के लिए बबैहा से मंडला के बीच श्रृद्धा अनुसार इनके लिए व्यवस्थाएं बनाए।

#### तिंदनी ग्राम में परिक्रमावासियों के लिए व्यवस्था

बताया गया कि ग्राम तिंदनी में धुर्वे परिवार द्वारा नर्मदा परिक्रमावासियों की विगत वर्षो से सेवा करते आ रहे है। श्री धुर्वे का परिवार नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए एक अलग से कमरा भी तैयार करा दिए है। जिससे यहां से गुजरने वाले परिक्रमावासी यहां विश्राम कर अपनी परिक्रमा में आगे बढ़ सकते है। इस वर्ष भी चैत्र माह में अन्य जिले समेत महाराष्ट्र से आने वाले परिक्रमावासी यहां ग्राम तिंदनी में रूक रहे है। जहां भक्तों को जलपान भी कराया जा रहा है। यहां श्री धुर्वे द्वारा नर्मदा परिक्रमा वासियों को भोजन बाल भोग एवं रात्रि विश्राम की सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। श्री धुर्वे उत्तर वाहिनी परिक्रमा से काफी प्रेरित है। अन्य राज्यों से मां नर्मदा के भक्त परिक्रमा के लिए पहुंच रहे हैं। बता दे कि मंडला निवासी मां नर्मदा भक्त पहुंच रहे भक्तों को जगह-जगह जलपान और स्वल्पाहार भी करा रहे हैं। इस वर्ष भी लगातार उत्तर वाहिनी परिक्रमा के लिए चैत्र मास में परिक्रमा वासियों की संख्या बढ़ रही है। जिले के समस्त मां नर्मदा भक्तों से अपील है कि इन भक्तों का अपनी सुविधा अनुसार स्वागत कर अनुग्रहित करें।

## आस्था का केन्द्र है माता शताक्षी का दरबार, होती है मुराद पूरी



*** लगता है मेला, खरीदी सामग्री ले जाने से पहले माता को करते है भेंट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

विकासखंड घुघरी महज पांच किमी दूर पोषक ग्राम सैलवारा के किसान टोला की टेकरी में विराजित मां शताक्षी का बहुत ही सुंदर अद्भुत मंदिर है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि यह स्थान करीब 500 वर्ष से भी अधिक पुराना है। बताया गया कि पहले यहां पर एक छोटा सा चबूतरे में पत्थर की मूर्ति विराजमान थी। जिस पर लोगों की आस्था माता नकचुन्ना देवी पर बढ़ती गई और लोगों की आस्था केन्द्र बन गया। घुघरी निवासी शिक्षक खिलेश्वर बाबा ने बताया कि हमारे बुजूर्ग बताते है कि नकचुन्ना दरबार में मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। यहां धार्मिक आयोजन समय-समय पर होते है।

बताया गया कि नकचुन्ना दरबार में आंवला नवमी के पर्व पर मेला का आयोजन किया जाता है। दरबार के प्रति आस्था के कारण यहां लोग दूर-दूर से आते है और माता को प्रसाद का चढ़ावा चढ़ाते है। यहां आने वाले लोग मेले से ली हुई सामग्री को पहले माता के दरबार में चढ़ाते है, इसके बाद उस सामग्री को अपने साथ घर ले जाते है। इस मेले में की पहचान गन्ने से है। मेले में आने वाला हर व्यक्ति गन्ना की भेट माता को चढ़ाकर अपने साथ ले जाता है। यहां हर किसी की मुराद माता के दर्शन मात्र से पूरी होती है।

#### चढ़े हुए नारियल से होती है मन्नते पूरी

माता नकचुन्ना के दरबार में आने वाले भक्त दीप प्रज्जवलित कर फल भेंट करते है। बुजूर्गो का कहना है कि यदि दरबार में माता को फल भेंट करने के बाद किसी भी कार्य को करें तो आपको जरूर सफलता मिलेगी। आने वाले भक्त श्रृद्धानुसार माता को फल, श्रृंगार भेंट कर मुराद मांगते है। माता के भक्तों में क्षेत्र के कई राजनीतिक हस्तियां भी इनका आर्शीवाद लेने आते है। माता के मंदिर के स्थान का निर्माण कराया गया है। इसके साथ मंदिर परिसर के आसपास वृक्षारोपण भी किया गया है।

# श्रीराम के चरण पड़ते ही अहिल्या का हुआ उद्धार

*** गौतम ऋषि के श्राप से अहिल्या बन गई थी पत्थर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



राजीव कालोनी झंडा चौक में स्थित श्री हनुमान मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा और श्री विष्णु पुराण का नौ दिवसीय आयोजन चल रहा है। यहां स्थापित होने वाली भगवान की प्रतिमाओं को प्रतिदिन अलग-अलग अधिवास भी कराकर उनका पूजन, अर्चन के साथ प्रतिदिन रूद्री निर्माण, अभिषेक के साथ आरती की जा रही है। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है।

समिति के सदस्यों ने बताया कि विष्णु पुराण का वाचन कथा वाचिका उमा तिवारी देवी द्वारा किया जा रहा है। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा और विष्णु पुराण के आयोजन में भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों के प्रसंगों का वर्णन प्रतिदिन किया जा रहा है। पुराण के सातवें दिन विश्वामित्र, अहिल्या के उद्धार का प्रसंग भक्तों को श्रवण कराया गया। आज आठवें दिन सीता स्वयंवर और ताड़का वध का प्रसंग भक्तों को श्रवण कराया जाएगा।

#### अन्न से कराया भगवान को अधिवास

श्री हनुमान मंदिर में श्रीराम दरबार के साथ श्री गणेश, श्रीलक्ष्मी नारायण, राधा कृष्ण, श्री हनुमान, काल भैरव भगवान की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजन, अर्चन के साथ अधिवास कराया जा रहा है। जिसमें पहले दिन जलाधिवास, दूसरे दिन दुग्धाधिवास, तीसरे दिन धृताधिवास, चौथे दिन फूलाधिवास, पांचवें दिन फलाधिवास, छटवें दिन विभिन्न मिष्ठान व शक्कर और सातवें दिन सभी भगवान की प्रतिमाओं का अन्नाधिवास कराया गया।

#### इंद्र ने किया छल, पत्थर की बन गई माता अहिल्या

सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति झंडा चौक द्वारा आयोजित श्री विष्णु पुराण कथा में कथा वाचिका उमा तिवारी देवी कथा के सातवें दिन माता अहिल्या के उद्धार की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि जब जनकपुर में सीता स्वयंवर में विश्वामित्र के साथ भगवान राम लक्ष्मण जनकपुर के लिए जाते है, इसी दौरान रास्ते में एक पत्थर श्रीराम के चरणों से टकरा जाता है, और देखते ही देखते वह पत्थर एक सुंदर स्त्री के रूप में परिवर्तित हो जाता है। तब विश्वामित्र इस पत्थर रूपी स्त्री की कथा राम को बताते हैं। विश्वामित्र कहते है कि यह गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या हैं, जो अपने पति के श्राप के कारण पत्थर बन गई थीं। एक दिन देवराज इंद्र की निगाह अहिल्या पर पड़ी, वह उसके साथ भोग करना चाहते थे। इंद्र ने चन्द्रमा के साथ मिलकर गौतम ऋषि के साथ छल करते है और इंद्र गौतम ऋषि का रूप धारण कर अहिल्या के पास पहुंच जाते है। जब गौतम ऋृषि गंगा स्नान के बाद बाहर निकलते हैं, तभी उन्हें उनके साथ छल होने की जानकारी लगती है। यह सुनकर गौतम ऋषि वापस घर आते हैं। जहां इंद्र को अपनी पत्नी के साथ देखकर क्रोधित होकर श्राप देतेहै और अहिल्या को पत्थर बनने का श्राप देते हैं। अहिल्या के क्षमा मांगने पर गौतम ऋषि ने कहा कि भगवान के चरण स्पर्श से ही उद्धार होगा। कथा वाचिका उमा तिवारी देवी ने और अन्य प्रसंग भक्तों को सुनाए। आज आठवें दिन माता सीता के स्वयंवर का प्रसंग विष्णु पुराण में सुनाया जाएगा।



## लोकसभा चुनाव के कारण नहीं निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



आगामी 17 अप्रैल बुधवार को रामनवमी पर्व को लेकर विगत दिवस राम मंदिर में बैठक आयोजित की गई। जिसमें रामनवमी के दिन पूजन पाठ एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम तय किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार लोकसभा चुनाव और आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए शोभा यात्रा नही निकाली जाएगी। वहीं रामनवमीं के दिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक राममंदिर में पूजन पाठ हवन किया जाएगा। शाम 5 बजे से 7 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियो ने कार्यक्रम मे भाग लेने का आग्रह किया है। इसके साथ ही आगामी 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन शोभा यात्रा का कार्यक्रम किया जाएगा।

## पुलिस टीम एवं सीएपीएफ के द्वारा किया गया फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए मंडला पुलिस के समस्त थाना एवं चौकियों द्वारा फ्लैग मार्च किया जा रहा है। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों द्वारा आम जनता से संवाद कर चुनाव के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने व भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की गई, मतदाता स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके इस हेतु समुचित प्रबंध किये गए है। आपका वोट आपका अधिकार है तो आए और अपनी जिम्मेदारी निभाएं 19 अप्रैल को मतदान करने घरों से जरूर निकले। इन थानों में किया गया फ्लैग मार्च- थाना मोतीनाला दिनांक 15.04.2024 को थाना मोतीनाला अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से लगे गावों में पुलिस एवं सीआरपीएफ द्वारा फ्लेग मार्च किया गया उपरोक्त ग्रामों के लोगों से चर्चा कर 19 अप्रैल को स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर मतदान करने को कहा गया। थाना बिछिया अंतर्गत सीआरपीएफ के साथ फ्लैग मार्च एवं एरिया डोमिनेशन किया गया। थाना टिकरिया थाना टिकरिया और आईटीबीपी बल के साथ में एरिया डोमिनेशन के तहत थाना क्षेत्र के मतदान केंद्र खमरिया का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान आम जन से संवाद किया गया। थाना घुघरी आज दिनांक 15/04/2024 को थाना घुघरी डोंगरमंडला, चौकी सलवाह अंतर्गत ग्राम कुसमी, भानपुर, चौबा, सुरहेली, दुल्हादर व भानपुर में फ़्लैग मार्च किया गया जिसमे थाना प्रभारी घुघरी, चौकी प्रभारी सलवाह अपने बल के साथ तथा सीआरपीएफ का बल शामिल रहा। थाना बीजाड़ाडी थाना बीजाड़ाडी पुलिस द्वारा उदयपुर एवं बीजाड़ाडी में सीएपीएफ एवं पुलिस बल के साथ कस्बे में भ्रमण किया गया। थाना बम्हनी बंजर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिरईडोंगरी में सीआरपीएफ एवं जिला पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया।

**चैत्र नवरात्र** | **शक्ति पीठों में बोये गये जवारे, नवमीं के दिन होगा विसर्जन**

# चैत्र नवरात्र पर भक्ति में डूबा नगर

*** भक्ती भाव में डूबे श्रद्धालु।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछया





नगर में इस समय चैत्र नवरात्र की सरवर्त धूम मची हुई है, नगर के सभी माता के दरबारो में मंदिरो में श्रद्धालुओं भक्ति भाव में डूबे हुए हैं सुबह शाम आरती पूजा आराधना के साथ दिन में माता के जस भाजन कीर्तन रामायण पाठ चल रहा है, नगर में प्राचीन मंदिरों भुआ खेरापति मन्दिर जहा कई वर्षो से सैकड़ो की संख्या में अपनी संस्कृति मन्नत को पूरी करने कलश स्थापना खप्पर जेवारे बोए जाते है जिनकी प्रति दिन पूजा अर्चन के साथ आरती पूजा की जाति है जिनका विसर्जन राम नोवमी को रात्रि बड़ी धूम धाम से जस भाजन कीर्तन बैंड बाजे के साथ किया जाता है इसी तरह नगर के मध्य बिनोद रंग मंच मैं स्थापित माँ जगत जननी माँ दुर्गा मन्दिर में में भी पूजा अर्चन आरती प्रति दिन की जा रही है, वही राजराजेश्वरी मन्दिर रेंज कंपाउंड में भी दर्शनरथी सुबह शाम आरती पूजा में सामिल होते हैं और फिर बिछिया खेरमाई घुटास रोड में भी कलश स्थापना खप्पर की स्थापना की गई है राष्ट्रीय राज मार्ग मण्डला से बिछिया मार्ग पर नगर की शुरुआत में लम्बे समय से विराजित माता बंजारी के मन्दिर के दरबार में भी कलश स्थापना खप्पर बोए जाते है जिसे अब बंजारी धाम के नाम से प्रसिद्ध है आज सभी जगह छटवी देवी माता कात्यानी पूजा बड़ी धूम धाम से की गई इसी तरह नगर में घर परिवार से लेकर मंदिरों में माता के जयकारे के उदघोष सुनाई देते हैं अनेक घरों मै भी माता की कलश स्थापना की गई है नवरात्रि की पांचमी तिथि से कन्या पुजन कन्या भोज चालू हो जाता है जो नवमी तिथि तक चलता हे कन्या पुजन में कन्याओं को भोजन के बाद श्रृंगार की सामग्री प्रदान कर उनका आर्शिवाद लिया जाता है।



**खबर संक्षेप**

## यूरिया को लेकर क्षेत्र के किसान परेशान

**गाडरवारा।** जिस प्रकार से देखा जाता है कि हर वर्ष इस सीजन में क्षेत्र के किसानों द्वारा जब अपने खेतों में बोनी करने का समय आता है तो उसे प्रमुख माने जाने वाले यूरिया खाद के लिये या तो लम्बी लाईनों में लगते हुये देखा जाता है या फिर प्रशासन की डंडे खाने के लिये मजबूर होना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय फिर किसानों को यूरिया खाद को लेकर बनते हुये देखी जा रही है। यह बात अलग है कि सभाओं के दौरान राजनैतिक पार्टियों द्वारा किसानों के प्रति अपनी हमदर्दी जताते हुये उन्हें अपना बताने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है और जब राजनेताओं को कुर्सी मिल जाती है तो फिर पांच वर्ष तक किसानों को भूलने में कोई कसर नही छोड़ते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इन दिनों देखने मिल रही जब किसान एक एक बोरी यूरिया के लिये परेशान होते हुये देखे जा रहे है। बताया जाता है कि इस समय किसानों को अपनी फसल तैयार करने के लिये यूरिया खाद की प्रमुख जरूरत महसूस की जा रही है। मगर किसानों के प्रति अपनी हमदर्दी प्रदर्शित करने वाली सरकार किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराने में असफल होने के कारण क्षेत्र का किसान परेशान होते हुये लम्बी लाईनों में लगाते हुये देखा जा रहा है।

## मॉडल रोड पर उड़ने वाली धूल से बीमारी हो रहे लोग

**गाडरवारा।** शहर में करोड़ो की लागत से बनाई जाने वाली मॉडल रोड जो दो भागों में निर्मित की जा रही है वह अपने निर्माण के शुरूआती दौर से ही चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है? बताया जाता है कि जब तहसील कार्यालय के पास से स्टेशन तक इस मॉडल रोड का निर्माण शुरू हुआ था तो उस दौरान यह सड़क अपनी गुणवत्ता को लेकर चर्चाओं में आ चुकी थी। मगर शायद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उस दौरान ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि सड़क के निर्माण के चंद दिवस बाद ही यह माडल रोड अपनी गुणवत्ता की कहानी खुद ही जहां तहां से टूटते हुये बताने से नही चूक पा रही है तो दूसरी ओर जरा सी बारिश होने के बाद इस नवनिर्मित मॉडल रोड पर जिस तरह जहां तहां पानी भरा हुआ दिखाई देता है वह सड़क के मापदंडों का उजागर करते हुये दिखाई देने लगती है? वही दूसरी ओर इस समय सड़क निर्माण के उपरांत इस मार्ग को दो भागों में विभाजित करने के लिये सड़क के बीचों बीच जिस तरह डिवाईडरों का निर्माण किया जा रहा है वह चर्चा का विषय बनने के साथ साथ आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक पा रहे है? बताया जाता है कि इस सड़क के बीचों बीच इस समय जिस तरह डिवाईडरों का निर्माण किया जा रहा है उस दौरान सड़क के कुछ भाग में सड़क की चौडाई को नजर अंदाज करते हुये बनाये जाने वाली डिवाईडरों के कारण यातायात प्रभावित होने से नही चूक पायेगा? क्योंकि इस माडल रोड के काफी हिस्से का जिस तरह से चौडीकरण होना था।

अनेक जगहों पर आयोजित होंगे कन्या भोज के आयोजन, रात के समय अष्टमी की पूजन के चलते आयोजित होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन

# आज अष्ठमी के चलते देवी मंदिरों में माँ भगवती का पूजन करने उमड़ेगा महिलाओं का सैलाब













गाडरवारा

शक्ति की अधिष्ठात्री देवी माँ जगदम्बा के उपासना महापर्व चैत्र नवरात्रि के अंतिम दौर के चलते श्रद्वा, भक्ति में डूबे हुए शहर क्षेत्र के गांवों की माताओं, बहिनों व पुरूषो तथा युवाओं को कल सोमवार का दिन विशेष रहा। क्योंकि वैसे भी देखा जावे तो सोमवार को जहां मंदिरों में भीड़ का आलम सदा ही देखने मिलता है। मगर दुर्गा सप्तमी व सोमवार का संगम होने के चलते मंदिरों में अनोखी छड़ा दिखाई देने से नही चूक रही थी। क्योंकि अब लोगों को मातारानी की बिदा का अहसास सुबह से बेचैन करने लगा है। वही चैत्र की नवरात्रि पर्व की आज महाअष्टमी होने पर सुबह नगर के माँ खेरापति मंदिर सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में माँ भगवती का जलाभिषेख करने भक्तों का तांता लगने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। क्योंकि आज नवरात्रि पर्व की अष्टमी के चलते मॉ जगदम्बे की आराधना, उपासना का श्रद्धालु पुरूषो, महिलाओं, युवाओं का उत्साह चरम पर पहुॅचा दिखायी दे रहा है। जिसके चलते नगर के देवी मंदिरों में मॉ भगवती को जल सुबह जल ढारने के बाद महिलाओं सहित शहरवासियों ने अपने अपने घरों में कुल देवताओं की पूजा की तथा देवी स्वरूपा कन्याओं को भोजन करा उनका आशीष ग्रहण करना शुरू कर दिया गया है। वही आज दुर्गा अष्टमी के मौके पर नगर में तहां तहां कन्याभोज के आयोजन देखने मिलेगे। इस प्रकार से चैत्र नवरात्रि पर्व की अष्टमी की शुभ बेला में देवी मंदिरों में जगत जननी मॉ दुर्गा की विशेष पूजा, अर्चना व महाआरती कर भक्तो ने मातारानी को चुनरी चढ़ायी तथा जरूरत मंदो को दान देकर प्रसाद वितरण किया जावेगा। वही आज अष्टमी व कल नवमी पर देवी मंदिरों में सुबह से शाम तक भगत गायन के आयोजनों के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी सम्पन्न होगे तथा रात्रि में देवी मंदिरों में हवन, पूजन, नगर कन्याभोज के आयोजन भी किए जावेगे। गौरतलब है कि चैत्र नवरात्रि पर्व के चलते शहर सहित क्षेत्र के सालीचौका, सांईखेड़ा, चीचली, कौड़िया, सिहोरा, बोहानी, कल्याणपुर, बारहाबड़ा, पलोहा, रिछावर, भौरिझर, घघरौला, सिंहपुर छोटा, गोटीटोरिया, खुलरी सहित अन्य गांवों में लगातार 9 दिन तक महौल पूर्णरूप से धर्ममय हुआ देखा जा रहा है। ज्ञातव्य है कि बीते सोमवार सप्तमी व आज अष्टमी तथा कल नवमी पर शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं में भी मातारानी के दर्शन, पूजन और कन्याओं को नमन करने की विशेष व्याकुलता नजर आ रही है जिसके चलते उन्होंने देवी मंदिरों में पहुॅच मॉ दुर्गा का पूजन कर मातारानी से अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति का असीम आर्शीवाद ग्रहण किया जावेगा। क्योंकि इस नवरात्री पर्व को शांति पूर्वक संपन्न कराने में देवी भक्तों के साथ साथ स्थानीय नपा प्रशासन व पुलिस प्रशासन की भी अहिम भूमिका देखने मिली है। क्योंकि देखा गया कि जिस प्रकार से सुबह महिला नगर के देवी मंदिरों में पहुंचकर माँ भगवानी को जल ढारने का कार्य शुरू कर देती थी उनकी सुरक्षा के लिए देवी मंदिरों पर लगातार पुलिस बल तैनात रहा और अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों पर सख्त निगरानी रखे हुए था। जिसके चलते नगर में कही कोई किसी भी प्रकार की कोई अशोभनीय घटना का समाचार सुनने नही मिला है। इस प्रकार से बीते हुये 9 दिनों तक जहां नगर में पूर्णरूप से माँ जगदम्बे की आराधना में डूबे हुये देखे गये। वही दूसरी ओर आज अष्टमी व कल राम नवमी के दौरान भी देवी मंदिरों के आलवा भगवान राम जी के मंदिरों में दिन भर भीड़ का आलम देखने मिलेगा। इस संबंध में हरिभूमि से चर्चा करते हुए सदा ही धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी आस्था रखने वाली स्थानीय निवासी श्रीमति अंजली तोमर ने कहा चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान व्रत रख मॉ दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा, आराधना कर मुझे अत्याधिक आनंद मिला है, मैने अनुभव किया है कि देवी मंदिरों से चैत्र नवरात्रि पर प्रतिदिन मॉ जगदम्बा की प्रतिमाएॅ तेजस्वी होती जाती है और इस दौरान यदि कोई भक्त माँ भवानी से जो भी बरदान मांगता है। वह कभी खाली नही जाता है। वही ग्राम बारहाबड़ा निवासी श्रीमति संगीता दीक्षित के अनुसार मॉ भगवती की ममता का आंचल विशाल है, उनकी भक्ति से चैत्र नवरात्रि पर्व पर हमे जीवन को सफल बनानें की भरपूर शक्ति मिलती है, मैं तो यह जानती हूं कि हर महिला को माँ दुर्गां की आराधना करने से नही चूकना चाहिए महिलाओं को संकट से मुक्त करने में माँ भवानी सबसे आगे रहती है। स्थानीय विवेकानंद वार्ड निवासी श्रीमति आरती/मधुसूदन पटैल का कहना है कि हिन्दू धर्म सनातन है। इस धर्म के त्यौहारों, रीति रिवाजों के द्वारा हमे धर्मलाभ आर्जित करने के सुनहरे मौके मिलते रहते है। चैत्र नवरात्रि पर मैंने अपना पूरा ध्यान मॉ दुर्गा की आराधना, उपासना में लगा दिया था, आज मुझे ऐसा लग रहा है मुझे पूरी तरह आत्म शांति मिल गयी है। क्योंकि माँ भवानी जहां अपने हर भक्त की संकटों से रक्षा करने वाली होती है वही उनकी आराधना का परिणाम यह होता है कि भक्त का परिवार कभी संकटों से नही घिरता है। इसी प्रकार से समीपस्थ सांईखेड़ा निवासी श्रीमति रिंकी राजपूत का कहना है कि मॉ दुर्गा ऋद्धि, सिद्धि प्रदान करने वाली है और भक्तों का कल्याण करने सदा तत्पर रहती है। वैसे तो मैने चैत्र नवरात्रि के सातों दिन मॉ दुर्गा की पूजन की थी, किंतु अष्टमी पर मातारानी की पूजा, अर्चना और कन्याओं की सेवा कर मुझे ऐसा पर मातारानी की पूजा, अर्चना और कन्याओं की सेवा कर मुझे ऐसा अनुभव हुआ है, जैसे मॉ भगवती ने मुझसें नयी शक्ति का संचार कर दिया है। मेरे द्वारा माँ भगवती से यही कामना है कि वह क्षेत्रवसियों पर सदा अपनी कृपा रखते हुए किसी भी संकट को आने के पहले ही उसे यहां से भगाने हेतु हम भक्तों की रक्षा कवच बनाकर शक्ति प्रदान करे।

## मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित हुए मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम



**गाडरवारा।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत जिले को मतदान में नम्बर वन बनाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत व नोडल अधिकारी स्वीप दलीप कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जगह जगह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस कौशल प्रशिक्षण संस्थान गाडरवारा के छात्र- छात्राओं द्वारा रैली निकालकर मतदान लोगों को मतदान करने का संदेश दिया गया। वही हायर सेकेण्डरी स्कूल खुलरी व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुलरी के कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली तथा रंगोली बनाकर मतदान का संदेश दिया। इसी तरह शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा के छात्र- छात्राओं ने स्लोगन लेखन के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश दिया और जनपद पंचायत सांईखेड़ा में सेल्फी प्वाइंट बनाकर सेल्फी लेकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वही विधानसभा गाडरवारा में मां सरस्वती स्व सहायता समूह की महिलाओं, सुभाष वार्ड में कल्पना स्वसहायता समूह एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा मां दुर्गा के प्रांगण में उपस्थित होकर मतदान की शपथ लेकर अन्य लोगों को भी मतदान करने का आग्रह किया। जानकारी के अनुसार कौशल प्रशिक्षण संस्थान गाडरवारा के छात्र- छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया और प्रेरक नारे भी लगाये।

## नगर के दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल में कन्या भोजन एवं पूजन प्रसादी का हुआ आयोजन

**गाडरवारा।** चल रहे नवरात्र के दौरान जहां चारो ओर धार्मिक आयोजन की धूम मची हुई देखी जा रही है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस नगर के दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल द्वारा चैत्र नवरात्रि उत्सव के उपलक्ष्य में स्कूल परिसर में कन्या भोजन एवं पूजन प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है की नगर के दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल द्वारा भारतीय संस्कृति, पर्व एवं त्योहारों पर कार्यक्रम आयोजित कर छात्र छात्राओं को अपनी संस्कृति के प्रति जागरुक करने और संस्कार देने का कार्य किया जाता है। क्योंकि संस्कारवान नोनिहाल कल देश का भविष्य बनेंगे, शिक्षित व संस्कारित नागरिक देश की उन्नति का सृजन कर सकते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की चेयरमैन श्रीमती राखी राजपूत, डायरेक्टर ठा. प्रशांत सिंह राजपूत तथा प्राचार्या श्रीमती लक्ष्मी नंदी के आलवा कोऑर्डिनेटर सुश्री अंकिता कौरव द्वारा दीप प्रज्जवलित करते हुय जगतजननी मां दुर्गा का पूजन एवं आरती की गई इसके उपरांत संस्था में उपस्थित देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन करते हुये आर्शीवाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रचार्या श्रीमती लक्ष्मी नंदी द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को नवदुर्गा और कन्या पूजन का महत्व बताने के साथ ही हम कन्या भोजन क्यों कराते हैं विषय प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात स्कूल एवम महाराणा प्रताप प्राइवेट आईटीआई के के प्राचार्य श्री वीरेन्द्र सिंह राजपूत तथा ट्रेनिंग ऑफिसर रविशंकर पटेल, नीलेश विश्वकर्मा, रामस्वरूप पटेल, सुश्री संगीता राजपूत कंप्यूटर ऑपरेटर आयुष साहू रिसेप्शनिस्ट सुश्री सलोनी द्विवेदी तथा स्कूल से सुश्री आयुषी कौरव, सुश्री सृष्टि वर्मा, सुश्री दीप्ति मेहरा, श्रीमती कल्पना पटेल, सुश्री आरती तिवारी, सुश्री पूजा पचौरी, श्रीमती प्रियंका छीपा, श्रीमती नैंसी सोनी, सुश्री मेघा सोनी, सुश्री मनीषा सोनी, सुश्री सोनाली कौरव सुश्री वंशिका कौरव, रिसेप्शनिस्ट सुश्री मोनिका द्विवेदी और संस्था के सहयोगी स्टाफ का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## ग्रामों से लेकर शहर, नगर ब्लाक स्तर पर रही अंबेडकर जयंती की धूम





**गाडरवारा।** संविधान के निर्माता भारत सरकार के प्रथम कानून मंत्री के रूप में इस देश के महारत्न जो भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित हुये।बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जन्मजयंती का आयोजन नगर से लेकर क्षेत्र के अंतर्गत तहसील ब्लाक एवं ग्रामीण स्तर पर बडे ही धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर भीम अम्बेडकरवादी लोगों ने एकजुट होकर संविधान और बाबा साहब अंबेडकर के नाम के जयकारे लगाए तथा नगर में भव्य रैली का आयोजन करने के साथ ही देश के लिये अम्बेडकर के योगदान पर प्रकाश डालते हुये आमजन को अवगत कराया गया।

## रेल पुलिस द्वारा ट्रेन में चोरी करने वाले आरोपियों के पास से जप्त कि सोने चांदी के जेबर सहित अन्य सामग्री



**गाडरवारा।** रेल्वे पुलिस द्वारा गाडरवारा थाना क्षेत्राअंतर्गत प्लेटफार्म एवं चलती ट्रेनो आऊटरो मे यात्रियो के साथ हो रही चोरी की घटना की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आरोपियों की धरपकड एवं अगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओ को प्रलोभित किये जाने वाली सामग्री के अवैध रूप से परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक रेल सुश्री शिमाला प्रसाद के निर्देशन मे एवं अति. पुलिस रेल इसरार मंसुरी तथा उप पुलिस अधीक्षक रेल लोकेश मार्को के मार्ग दर्शन मे स्थानीय रेल थाना प्रभारी निरीक्षक व्ही. पी. मिश्रा व्दारा गठित टीम के व्दारा बीते हुये 13 अप्रैल को थाना के अप क्रं. 100/24 धारा 379,34 भादवि. मे चोरी गये मशरूका की तलाश के दौंरान मुखविर सूचना एवं सूचना संकलन के आधार पर पूर्व से संपत्ति संबंधी चोरी के अपराधो मे लिप्त रहे आरोपी (1) इस्ताक शाह पिता नफीस शाह उम्र 24 साल नि. पिपरिया (2) रंजीत कौरव उर्फ पप्पू पानी पिता सुल्तान कौरव उम्र 34 साल नि. करेली (3) सूरज चौधरी पिता डालचंद चौधरी उम्र 26 साल नि. नरसिंहपुर (4) नीतेश उर्फ जट्टू वंशकार पिता प्रकाश वंशकार उम्र 32 साल नि. नरसिंहपुर (5) दशरथ उर्फ मुंडे वंशकार पिता श्री राम वंशकार उम्र 25 साल नि. नरसिंहपुर को संदेह के आधार पर पकड़क जब पूछताछ की गई तो आरोपियों द्वारा ट्रेनो मे चोरी की घटना घटित करना स्वीकार किया गया। वही रेल पुलिस द्वारा आरोपियो से चोरी गया मशरूका एक ट्राली बैग जिसमे एक सोने की चैन , एक जोडी टाप्स , इस्तेमाली कपडे 10 जोडी , जरूरी दस्तावेज के आलवा जूते कुल कीमती 91200 रूपये का मशरूका जप्त किया गया तथा आरोपियो से थाना के अन्य संपत्ति संबंधी अपराधो मे पूछताछ करने पर आरोपीगण से एक मोबाईल रियलमी कंपनी का कीमती 12000 रूपये एवं नगदी 1700 रूपये का कुल कीमती 104900 रूपये का मशरूका जप्त किया गया है। वही इन आरोपियों को पकड़ने में रेल पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक व्ही.पी मिश्रा , सउनि. सुशील सिंह , सउनि आर. के. चौधरी, प्र.आर. विनय मिश्रा, योगेश पचौरी, ब्रजभूषण बैरागी, भागचंद, आर. ब्रजेश विश्वकर्मा, प्रमोद गुप्ता, विजय शर्मा, मिहीलाल, आशीष सराठे, प्रदीप पटैल,राजकुमार कौरव की अहिम भूमिका बताई जाती है।

## सड़क पर बढ़ते वाहनों के दवाव से बन रहा खतरा, वायपास मार्ग की उठने लगी मांग



**कौंडिया।** इस समय देखा जा रहा है कि संपूर्ण क्षेत्र में लगातार बढ़ रही वाहनों की संख्या के चलते सड़कों पर धमाचौकड़ी मची रही है, वही दूसरी ओर लोडिंग वाहनो की धमाचौकडी से ग्राम के अंदर से निकले मुख्य रास्तों पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है, कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय ग्राम कौड़यिा में देखने मिल रही है, ज्ञात हो कि गाडरवारा करेली मुख्य मार्ग जो राज्य सड़क मार्ग में होने के कारण इस मार्ग पर प्रतिदिनि वाहनों को दवाब होने के कारण दिन भर सडक पर वेखौप दौडतें वाहनों से छोटे बडी जानलेबा गंभीर दुर्घटनाए भी होते हुए देखी जाती है। क्योंकि जगह के अभाव में सडक परिवहन करते समय ग्राम के मुख्य रास्तो पर वाहनो की लंबी लगने वाली लाईनों के चलते जाम की स्थिति बनते हुए देखी जाती है। वही दूसरी ओर वाहन मालिको द्वारा भी सडको पर वाहनो को बेतरतीब तरीके से खडे कर दिया जाता है और अक्सर देखा जाता है कि लोगों द्वारा अपने भवनों के लिए लाई जाने वाली निर्माण सामग्री को भी इस मुख्य मार्ग के किनारे ही रख दिया जाता है जिसके चलते यातायात को प्रभावित कर जाम की स्थिति बना देते है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो चाय पान के ढेलो दुकानो पर छोटे वाहन चालको द्वारा सड़क पर ही अपने वाहन खडे कर चाय पान में मग्न हो जाते है। बाकी कसर आटो एवं मिनी बसो वालो द्वारा पूरी कर दी जाती है जो बीच सडक पर अपने वाहनो को खड़ा करके सवारियों का इंतजार करते है, जिसके चलते यहां से निकलने वाले लोगों की जान को सदा ही खतरा बना रहता है? इस तरह ग्राम के बीचों से निकले मुख्यमार्गो को लेकर ग्रामवासियों द्वारा शासन प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि यदि ग्राम के बाहर से वायपास मार्ग का निर्माण हो जाता है कि इस समस्या से जहां निजात मिल सकती है। वही दूसरी ओर लोगों की जिन्दगी भी खतरे से मुक्त हो जावेगी। क्योंकि जहां मुख्य मार्ग से प्राथमिक स्कूल से लेकर हाई स्कूल लगा हुआ है, वही ग्राम के अनेक बैंको सहित पोस्ट आफिस भी सड़क के किनारे होने के कारण सड़क पर दिन भर भीड़ भाड़ की स्थिति बनी रहती है।

## मिढ़वानी माता दरबार में होती है हर भक्त की मुराद पूरी, हर वर्ष दूर-दूर से आते है भक्त



**खुलरी।** वैसे देखा जावे तो हिन्दू धर्म मानने वाले भक्तों के लिये हर देवी देवता अहिम होते है। मगर कुछ देवी देवताओं के सिद्व होने के कारण वहां पर आस्था का केन्द्र बन जाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई सिहोरा बोहानी के समीप स्थित मिढ़वानी माता मंदिर में भी देखने मिलती है जहां पर हर भक्तों की मुराद पूरी होने से नही चूकती है। शायद यही कारण है कि यहां पर हर वर्ष चैत्र नवरात्र के दौरान सप्तमी से लगने वाले मेले में भक्तों का हुजूम उमड़ने से नही चूकता है। बताया जाता है कि सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले मिढ़वानी माता मंदिर पर हर वर्ष चैत्र नवरात्र के दौरान सप्तमी के मौके पर मेले का आयोजन होता है, जिसमें दूर दूर से भक्त यहां पर विराजमान माता के दर्शन करने के लिये तो पहुंचते ही है साथ ही साथ माता अपने भक्तों की मुराद पूरी करने में भी कोई कसर नही छोड़ती है और इसी का कारण है कि यहां हर वर्ष इस मेले का स्वरूप लगातार बढ़ने से नही चूक रहा है। सप्तमी से पूर्णिमा तक लगने वाले इस मेले में दूर दूर से अनेक दुकानदार अनेक प्रकार की सामग्री लेकर पहुंचते है जिसके चलते जहां उन्हें अपनी रोजी रोटी का एक आधार तो मिलता ही है साथ ही साथ माता रानी के दर्शन करने से ही वह अपने आपको धन्य मानने से नही चूकते है। वही यहां पर स्थित मंदिर मातारानी का काफी प्राचीन व सिद्व माना जाता है, जिसको लेकर बुजुर्गो द्वारा इस मंदिर से जुडे हुये अनेक उदाहरण सुनाने से नही चूकते है।

## वन विभाग की टीम द्वारा अवैध रूप से लकडी परिवहन करते हुये वाहन पर की कार्यवाही



**गाडरवारा।** क्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी का परिवहन करने वालों के खिलाफ वन विभाग टीम द्वारा लगातर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी के चलते बीते हये रात्रि को मुखबिर की सूचना अनुसार गस्त करते हुए मारे गये छापे के चलते ट्रक क्रमांक एम पी 5 एच ए 1724 को पकड़ा गया जिसमें समाल महानिद की लकड़ी भारी पाई गई पाये जाने पर जब वन विभाग की टीम द्वारा ट्रक के साथ पकड़े गये आरोपी मुकेश पिता विश्राम पटेल साकिन बनवारी एवं उसके साथी सीताराम आत्मा जी मुड़िया बरहटा से पूछताछ किये जाने पर उनके द्वारा किसी तरह से कोई संतुष्टि पूर्ण जबाव नही दिये जाने के चलते वन विभाग की ओम द्वारा लकड़ी परिवहन करते पाए ट्रक व लकड़ी परिवहन की टीपीनहीं पाई गई अवैध लकड़ी परिवहन की काय्रवाही कर वन अपराध क्रमांक 2407/11 दिनांक 15/4/2024 का मामला दर्ज करते हुये ट्रक सहित लकड़ी को अपनी हिरासत में लेकर वन डिपों में खड़ कराया गया है। वही वाहन चालक द्वारा बताया गया कि लकड़ी ग्राम बोरीबंद से भरकर हरदा ले जा रहे थे मौका कार्रवाई में मनीष कुमार तिवारी वनरक्षक, सचिन कटारे वनरक्षक व वाहन चालक नारायण वर्मा मौजूद थें।

## खबर संक्षेप

### डुलहरी में बूंद बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण, पंचायत लापरवाह



**मेंहदवानी।** जनपद पंचायत मेंहदवानी के नजदीकी ग्राम पंचायत डुलहरी के आरण्डी टोला में पानी की भारी समस्या है। यहां के निवासी वीर सिंह,खज्जू सिंह, ओमप्रकाश धुर्वे सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा आरण्डी टोला के निवासियों के लिए पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिससे पूरे वर्ष पानी की समस्या बनी रहती है। एक कुंआ है जो गर्मी से पहले सूख जाता है। वर्तमान में कुंआ 24 घंटे में 30-40 लीटर पानी देता है जिसके लिए महिलाओं को रात्रि जागरण करना पड़ता है तब कहीं जाकर थोड़ा बहुत पानी कुछ महिलाओं को नसीब हो पाता है। यहां के रहवासी एक दो किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। जल जीवन मिशन के तहत ठेकेदार द्वारा खुले में पाइप लाइन बिछा दिया गया है और और काम बंद कर दिया गया है।

### स्वीप के तहत महिला मतदाताओं ने डिंडोरी मुख्यालय में निकाली बाइक रैली



**डिण्डौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में स्वीप गतिविधि के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज नगर परिषद डिंडोरी के मुख्यमार्ग में महिला मतदाताओं ने डिंडोरी मुख्यालय में निकली बाइक रैली निकाली। यह रैली कलेक्ट्रट परिसर से डिंडोरी के मुख्य मार्ग से गुजरती हुई भारत माता चैक, उत्कृष्ट विद्यालय, मुख्य बस स्टैंड, यातायात थाना सूबखार और चंद्रविजय महाविद्यालय डिंडोरी से होती हुई वापस कलेक्ट्रट परिसर पर समाप्त हुई। उक्त रैली को कलेक्टर श्री विकास मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत विमलेश सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस बाइक रैली में संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी और सहित अन्य गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। रैली में सभी ने मतदाता जागरूकता नारे लगाए और जिले के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

### प्रचार हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**डिण्डौरी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विकास मिश्रा ने डिण्डौरी जिला राजस्व सीमा क्षेत्र में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-126 के तहत मतदान समापन हेतु नियत समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटो की अवधि में प्रचार अभियान के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान के अंतिम 48 घंटे पहले निर्वाचन तंत्र के लिए, न केवल निर्वाचन के दिन योजना के परिप्रोक्ष्य से बल्कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए कानून और व्यवस्था तथा अनुकूल वातावरण के निर्माण के दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। चूंकि मतदान बद्ध क्षेत्रों में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिये कड़ी निगरानी बनाए आवश्यक है ताकि कोई अवांछित तत्व कुटिल गतिविधियों जैसे कि राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिये मतदाताओं को अनावश्यक रूप से प्रेरित करने और प्रभावित करने के लिए नगद, उपहार, शराब आदि के अवैध वितरण आदि में संलग्न नहीं हो पाए। मतदान के समापन हेतु नियत समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान (दिनांक 17.04.2024 की सायंकाल 6.00 बजे से) गैर कानूनी सभाओं का आयोजन एवं सार्वजनिक बैठकों (शासकीय कार्यों को छोडकर) का आयोजन प्रतिबंधित होगी। प्रतिबंधित क्षेत्र में 5 से अधिक लोगों के इकडा होने एक साथ आवाजाही (मतदान समाप्ति के 48 घंटे के दौरान द्वार से द्वार से भ्रमण को छोडकर एवं मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में छोडकर) करने की अनुमति नही होगी।

## पीएचई विभाग के ठेकेदार की लापरवाही

# मनमानी पूर्वक काम से टूटी सड़क








### बिना टीपी कनेक्शन के डायरेक्ट लाईट का कर रहे उपयोग
### बिजली विभाग भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

जनपद पंचायत करंजिया अंतर्गत ग्राम पंचायत मेढाखार में नल जल योजना अंतर्गत पानी की आपूर्ति हेतु पाईप बिछाने का कार्य प्रगति पर है वहीं दूसरी ओर इस काम में पी एच ई विभाग के ठेकेदार द्वारा मनमानी और लापरवाही पूर्वक कार्य करने के चलते जेसीबी मशीन से पी एम जी एस वाय की सड़क टूट रही है। ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों और पी एम जी एस वाई विभाग के आलाधिकारी को भुगतना पड़ सकता है। इसके अलावा पी एच ई के ठेकेदार द्वारा ग्राम पंचायत में बनी सीसी सड़क को काटने के लिए लाईट कटर का उपयोग कर रहे हैं जिसमें बिजली विभाग के द्वारा लाईट के उपयोग के लिए बगैर टी पी कनेक्शन लिए ही मनमानी पूर्वक रोड़ कटिंग कर रहे हैं।

ठेकेदार की इस तरह की लापरवाही के बाद बिजली विभाग भी शयन कक्ष में है इस तरह की लापरवाही को लेकर विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेने पर कार्यालय में कोई जबाव देह अधिकारी नहीं मिला और जे ई से फोन पर जानकारी लेने की कोशिश की गई तो उनका फोन बंद आया।

खैर जो कुछ भी हो क्षेत्र में पी एच ई विभाग के ठेकेदार और विभागीय अमला जल्दबाजी में नल जल योजना को चालू करने के लिए लगातार शासन की सामग्री को नुक्सान पहुंचा रहा है। देखना यह है कि जिले के आलाधिकारी इस तरह की लापरवाही पर विभागीय अमला और ठेकेदार पर क्या कार्यवाही करते हैं।





## स्वीप कार्यक्रम के तहत स्वीप शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।

लोकसभा निर्वाचन के तहत डिण्डौरी जिले में 19 अप्रैल को मतदान किया जाना है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा के निर्देशन में विविध स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

नवरात्रि में कल से प्रारम्भ हुए गोंडी पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यकरण का समापन आज आनंदम दीदी कैफे डिंडौरी में हुआ,इस कार्यक्रम के तहत गोंडी पेंटिंग प्रशिक्षण के साथ मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहसीना खान, सीईओ जिला पंचायत विमलेश सिंह, साक्षी सोनी, संयुक्त कलेक्टर भारती मेरावी सहित अन्य गणमान्य महिलाएं शामिल रही।

गोंडी पेंटिंग में सीनियर वर्ग में पहले स्थान पर आरती चंदेल, दूसरे स्थान पर धारा मरावी और तीसरे स्थान पर राशि मिश्रा रहीं। वहीं जूनियर वर्ग में पहला स्थान



कौशिकी मिश्रा, दूसरा स्थान आर्या जैन और तीसरा स्थान काव्यांजलि मरावी को प्राप्त हुआ।

महिला मतदाताओं के मत प्रतिशत में वृद्धि करने के उद्देश्य से आज दीदी कैफे में जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री विमलेश सिंह के नेतृत्व में महिला मतदाताओं के लिए नुक्कड़ नाटक, पानीपुरी प्रतियोगिता, रैंप वॉक और गरबा जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं से 19 अप्रैल, शुक्रवार को मतदान की अपील की गयी। पानीपुरी प्रतियोगिता के तहत सबसे अधिक पानीपुरी खाने की प्रतिस्पर्धा रोचक रही। जिसमें शहर की गणमान्य महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर अपनी सहायिकाओं के साथ हिस्सा लिया, इस प्रतियोगिता में पहला स्थान तनुजा और रामकुमारी, दूसरा स्थान पर वंदना खरचाम और सहायिका एवं तीसरा स्थान आरती नामदेव और रामकली ने पाया।

फेंसी ड्रेस रैंप वॉक महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आकर्षक का केंद्र रहा। जिसमें शहर की गणमान्य महिलाओं ने अपनी अपनी सहायिकाओं के साथ रैंप वॉक करते हुए मतदान की अपील करते हुए शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली। फेंसी ड्रेस के बालिका वर्ग में पहला स्थान प्रतिका, दूसरा स्थान बिंदी और तीसरा स्थान सौम्या ने प्राप्त किया। वहीं सहायिकाओं के साथ हुए फेंसी ड्रेस में पहला स्थान डॉक्टर अनुपमा, दूसरा स्थान डॉ सारिका और तीसरा स्थान वंदना खरचाम को प्राप्त हुआ। स्वीप शक्ति कार्यक्रम का समापन शक्ति को नमन करते हुए गरबा खेलने के साथ हुआ। जिसमें सभी उपस्थित महिलाओं ने शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर हुआ ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन

### -संघर्ष और समरसता की प्रतिमूर्ति थे - डॉ. भीमराव अम्बेडकर

हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।

मेकलसुता महाविद्यालय डिण्डौरी, समरसता विभाग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं षिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जन्मजयंती के अवसर पर एक दिवसीय ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन गूगलमीट पर किया गया। जिसका मुख्य विषय डॉ. भीमराव अंबेडकरः सामाजिक समरसता एक विमर्ष रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. रामकुमार रजक, संरक्षक शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास महाकौशल प्रान्त, विषिष्ट अतिथि के रूप में श्री प्रकाष चन्द्र मिश्रा माननीय जिला संघ चालक डिंडोरी डॉ राजेंद्र कुरारिया प्रांत संयोजक शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, महाकौशल प्रांत एवं मुख्य वक्ता के रूप में श्री पंकज पांडे विभाग प्रचारक, मंडला विभाग, सारस्वत अतिथि डॉ. प्रदीप द्विवेदी रजिस्ट्रार मेकलसुता महाविद्यालय डिंडोरी एवं उपप्राचार्य



डॉ बालस्वरूप द्विवेदी उपस्थित रहे कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बिहारी लाल द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसमें उनकी जीवनी पर प्रकाष डालते हुए प्रकाष चन्द्र मिश्रा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे प्राचीन संस्कृति और सभ्यता वाला देश है। हमारे आदर्श और उच्च जीवन मूल्य पूरी दुनिया के लिए अनुकरणीय रहे हैं। लेकिन गुलामी के साथ-साथ भारत सामाजिक बुराइयों का भी शिकार हुआ। मगर भारत एक अमर राष्ट्र है। समय-समय पर मां भारती ने ऐसे वीरों को जन्म दिया है, जिन्होंने समाज में फैली हुई बुराइयों को समाप्त करने में न केवल अपना जीवन अर्पित किया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित किया है। ऐसा ही जीवन बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का रहा है। डॉ राजेन्द्र कुररिया ने अपने उद्बोधन में बताया कि बाबा साहब बहुत ही विद्वान थे, बहुआयामी व्यक्तित्व होने के बाद भी उन्होंने दुनिया के कई देशों से नौकरी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया और कहा, मैं सबसे पहले और अंत में भारतीय हूं, मैं अपना जीवन, पूरे सामथ्र्य के साथ अपने देश के गरीबों और पिछड़ों के उत्थान के लिए लगाना चाहता हूं।

पंकज पाण्डेय ने अपने वक्तत्व में कहा कि बाबा साहब संघर्ष और समरसता की प्रतिमूर्ति थे। बाबा साहब ने कहा था कि सबको साथ लिए बिना हम भारत के उत्थान की कल्पना नहीं कर सकते। प्रो रामकुमार रजक जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पिछड़ों, दलितों, गरीबों और मजदूरों के लिए बाबा साहब जीवन भर संघर्ष करते रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. बिहारी लाल द्विवेदी ने कहा कि बाबा साहब सामाजिक समरसता एवं भारत की एकता एवं अखण्डता के लिए जीवन भर कार्य करते रहे। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए और उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए, तभी भारत वर्ष परम वैभव प्राप्त करेगा। ऑनलाइन कार्यक्रम में उमेष द्विवेदी संचालक प्रज्ञा चिल्ड्रन स्कूल गौरी जिला मऊगंज, रूचि पाण्डेय संचालिका मॉडर्न इंग्लिश स्कूल किसलपुरी, बी.के.सिंह संचालक एमएसजी हायर सेकेंडरी स्कूल समनापुर, अरविंद यादव संचालक बाल विकास विद्या मंदिर हाई स्कूल अमरपुर मेकलसुता परिवार से डॉ. स्वर्ण तिवारी, डॉ रितु जैन, प्रो. भारती सिन्हा, प्रो. रानी कुषवाहा, प्रो. सुभाष ठाकुर डॉ. ज्योति द्विवेदी, प्रो. सुचिता पटेल, प्रो. षिल्पा वर्मा, प्रो. सपना सोलंकी, प्रो. सतीष दुबे सहित छात्र छात्राऐं उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों का आभार प्रदर्षन डॉ. बालस्वरूप द्विवेदी द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन प्रो. निरंजन पटेल के द्वारा किया गया।

## कलेक्टर विकास मिश्रा ने समय-सीमा की बैठक में निर्वाचन गतिविधियों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में मतदान दिवस 19 अप्रैल की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में स्वीप अन्नदान कार्यक्रम में अच्छा कार्य करने के लिए सुखमती धुर्वे अम्मा को कलेक्टर सर ने सभाकक्ष में प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डिंडौरी रामबाबू देवांगन, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक, एसडीएम बजाग आरपी तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने बताया कि मतदान दिवस पर मजदूरों के लिए सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस दिन मतदान के लिए मजदूरों को अवकाश नहीं देने पर संबंधित फर्म, संस्था या व्यक्ति के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी।

कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों पर रैम्प, व्हीलचेयर, मेडीकल किट, बिजली, पेयजल, शौचालय तथा मतदान दलों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने वाले बीएलओ को जिला प्रशासन के द्वारा अयोध्या धाम की यात्रा करायी जाएगी। जिले में बनाए जा रहे आदर्श मतदान केन्द्रों में गोंडी पेंटिग कराई जाए।

कलेक्टर ने मतदान दलों के लिए सभी मतदान केन्द्रों में नास्ता एवं भोजन का प्रबंध किया जाएगा। मतदान दिवस के 72 घण्टे पूर्व से ही सभी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी पूर्ण सर्तकता रखें। उन्होंने बताया कि जिले के विधानसभा क्षेत्र डिंडौरी में 86 एवं विधानसभा क्षेत्र शहपुरा में 52 संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं। जिसमें 40 नक्सल प्रभावित हैं। वन क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केन्द्रों में वन विभाग सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम करेगी। राजस्व अधिकारी जिले की सीमाओं में विशेष निगरानी रखें।

परिवहन विभाग से मतदान के लिए उपयोग में लायी जाने वाली गाडियों की स्थिति का आकलन किया और सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिस टीम के साथ निरंतर निरीक्षण करते रहें। और यह सुनिश्चित करें कि जिला बदर व्यक्ति क्षेत्र में उपस्थित न हों। फ्लैग मार्चो का नेतृत्व करने के लिए तहसीलदारों को निर्देशित किया है।

कलेक्टर मिश्रा ने नेटवर्क रहित 22 मतदान केन्द्रों पर वायरलैस तंत्र के माध्यम से संचार करने के निर्देश देते हुए अवलोकन करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। और अनिवार्य सेवा देने वाले अधिकारी कर्मचारियों को 24 घण्टे सजग रहने के लिए निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सभी अस्पतालों में न्यूनतम दो बिस्तर आरक्षित रखें तथा एम्बुलेंस को तैयार रखें।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने समस्त बीएलओ और स्व-सहायता समूह के सदस्यों को वन टू वन मार्किंग के आधार पर मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया है। मतदान के दिन समस्त विभागों को निर्देशित किया है कि वे स्वीप के तहत मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने के लिए प्रयास करें।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि चुनाव के समय होने वाली समस्त गतिविधियों की सूचना त्वरित रूप से प्रसारित कर त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने जवारा विसर्जन, रामनवमीं और अन्य त्यौहारों में सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं। साथ ही मतदान दिवस 19 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करते हुए चैत्र नवरात्र एवं रामनवमीं की शुभकानाएं दी है।



## कलेक्टर विकास मिश्रा ने मास्टर ट्रेनर्स की बैठक ली

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर्स की बैठक आयोजित की गई। मास्टर ट्रेनरों को संबोधित करते हुए कलेक्टर विकास मिश्रा ने आगामी 19 अप्रैल की तैयारी के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी मास्टर ट्रेनरों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अपने अपने मतदान केन्द्रों के मतदान कर्मियों से निरंतर संपर्क बनाए रखें। सभी के पास अपने जनपद क्षेत्र का नक्शा और रूट चार्ट अवश्य रूप से हो, अपने क्षेत्रों से मतदान केन्द्रों के दूरी का आकलन करना है जिससे मतदान के दिन मतदान केन्द्रों से त्वरित संपर्क कर सकें।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि मतदान के दौरान सभी मास्टर ट्रेनर निरंतर मतदान प्रक्रिया पर निगरानी करते रहें और ईव्हीएम से संबंधित तकनीकी समस्या होने पर त्वरित मतदान कर्मियों को वीडिया कॉल या अन्य संचार माध्यमों से ठीक करें।

उन्होंने कहा कि अपने पूर्व अनुभवों के आधार पर मास्टर ट्रेनर चुनाव में होने वाली संभावित मुद्दो की सूची बनाकर कार्य करें और किसी भी स्थिति दुविधा होने पर मुख्यालय से संपर्क करें। सभी मास्टर ट्रेनर अपने कोर क्षेत्र ही रूकें और सीईओ जनपद पंचायत के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। बदलते मौसम के अनुसार आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी वस्तुओं को अपने पास रखें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाएं।

## पड़रिया में मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान लक्ष्य प्राप्ति के लिए स्वीप गतिविधियों को प्रचारित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकास खंड मेंहदवानी अन्तर्गत आजीविका समूह की दीदियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जनपद पंचायत मेंहदवानी के ग्राम पंचायत मुख्यालय पड़रिया में रविवार को आयोजित किया गया। मतदाताओं को मतदान अवश्य करने को प्रेरित करने समूह की दीदियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा खेल प्रतियोगिता रखा गया एवं मानव श्रृंखला बनाकर ग्रामीणों को मतदान करने जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों सहित उपस्थित ग्रामीणों को बिना प्रलोभन मतदान करने तथा और लोगों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान ग्राम पंचायत पड़रिया के सरपंच,जनपद पंचायत मेंहदवानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी,खंड पंचायत अधिकारी के एल झारिया, विकास खंड प्रबंधक राजेश कछवाहा, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं सहित सिजेंटा फाउंडेशन, प्रदान की समस्त टीम तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### नरसिंह साहित्य परिषद की गोष्ठी हुई संपन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नरसिंह साहित्य परिषद की गोष्ठी नवरात्रि के उपलक्ष में माता पर केंद्रित कवि कुंज बिहारी यादव की सरस्वती वंदना से शुरू हुई । हे आदि शक्ति है जगदंबे पंक्तियों के माध्यम से माता के प्रति श्रद्धा भाव व्यक्त किये क्रम को आगे बढ़ते हुए कवि सूर्यकांत साहू द्वारा मिला है तो जीकर दिखा दो किसे क्या मिलेगा तुम्हारे मरण से के माध्यम से अपने भाव प्रकट किए। कवि कीरत सिंधु द्वारा तेरी महिमा समझ ना पाऊं हे माता जगदंबा, कवि प्रशांत शर्मा सरल द्वारा ओ नारी शक्ति,कवयित्री श्रीमती मनीष राय द्वारा मैया भाव बिना न मिले,कवि शशिकांत मिश्र द्वारा प्रभु दूसरे के दुख में हंसने वालों को सद्बुद्धि एवं उस चीटे की आत्मा को शांति पंक्तियों के माध्यम से एक छोटे से जीव के प्रति अपने श्रद्धा भाव प्रकट किये ।

### 15 अप्रैल को 70 डाक मत पत्र डाले गये

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्ट्रेट कार्यालय नरसिंहपुर में स्थापित जिला स्तरीय फेसिलिटेशन सेंटर में 15 अप्रैल को 70 डाकमत पत्र डाले गये। डाले गये डाकमत पत्रों में लोकसभा क्षेत्र 13- जबलपुर के तहत 65 डाकमत पत्र, 14- मंडला के तहत एक डाकमत पत्र, 15- बालाघाट के तहत तीन डाकमत पत्र और 16- छिंदवाड़ा के तहत एक समेत कुल 70 डाकमत पत्र डाले गये। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर ने जिला स्तरीय फेसिलिटेशन सेंटर पर उक्त अवधि में डाले गये डाकमत पत्रों की जानकारी संबंधित संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थी/ प्रतिनिधियों/ राजनैतिक दलों को सूचित करने के लिए जबलपुर, मंडला, छिंदवाड़ा व बालाघाट के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा गया है।

### जिले को मतदान में नम्बर वन बनाने के लिए चलाया जा रहा अभियान

# मतदान के लिए प्रेरित करने आयोजित हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम








**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत जिले को मतदान में नम्बर वन बनाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत व नोडल अधिकारी स्वीप दलीप कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

### खेतिहर मजदूरों और ग्रामीणजनों को दिलाई शपथ

जिला प्रशासन द्वारा गठित मतदाता जागरूकता टीम द्वारा ग्रामीण अंचल में नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता शपथ के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम रामपिपरिया, चिनकी, उमरिया में जिला प्रशासन द्वारा गठित मतदाता जागरूकता टीम द्वारा खेतिहर मजदूरों और ग्रामीणजनों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

### राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा व्याख्यान का आयोजन

आदर्श शिक्षण समिति द्वारा संचालित महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली के राष्ट्रीय सेवा जना द्वारा मतदाता जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एके बाजपेयी ने नव मतदाता छात्र-छात्राओं को मतदान का महत्व बताते हुए सभी से मतदान में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आवाज और अवसर देता है। मतदान उन मौलिक अधिकारों में से एक है जो हमारा देश हमें प्रदान करता है। महाविद्यालय के मतदाता जागरूकता नोडल अधिकारी डॉ. तिलक सिंह राजपूत ने उपस्थित सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

### रंगोली, स्लोगन व पेंटिंग के माध्यम से संदेश

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत हायर सेकेण्डरी स्कूल खुलरी व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुलरी, पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल मोहद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलिया गोटेगांव के कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली, शासकीय हाईस्कूल हिरनपुर, शासकीय हाई स्कूल रामपिपरिया, हाईस्कूल मर्रावन, शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा, उत्कृष्ट विद्यालय नरसिहपुर में रंगोली बनाकर मतदान का संदेश दिया। शासकीय हाईस्कूल राखी भैंसा विकास खंड गोटेगांव, शासकीय हाई स्कूल काशीखैरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयाखेड़ा बासादेही में छात्र- छात्राओं ने रंगोली व पेंटिग बनाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसी तरह शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा के छात्र- छात्राओं ने स्लोगन लेखन के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश दिया और जनपद पंचायत साईखेड़ा में सेल्फी प्वाइंट बनाकर सेल्फी लेकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।



### स्वसहायता समूह की महिलाओं ने दिया मतदान का संदेश

विधानसभा गाडरवारा में मां सरस्वती स्व सहायता समूह की महिलाओं, सुभाष वार्ड में कल्पना स्वसहायता समूह एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा मां दुर्गा के प्रांगण में उपस्थित होकर मतदान की शपथ लेकर अन्य लोगों को भी मतदान करने का आग्रह किया। नेहरू वार्ड गोटेगांव एवं नगर परिषद तेन्दूखेड़ा में स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा रंगोली बनाकर दिया मतदान का संदेश।

### निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

कौशल प्रशिक्षण संस्थान गाडरवारा के छात्र- छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया और प्रेरक नारे भी लगाये। यह रैली गाडरवारा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाली गई। इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलिया- गोटेगांव के कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली और घर- घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

## 101 दीपों से की जायेगी बंजारी माता की महाआरती

**हरिभूमि न्यूज -नरसिंहपुर।** नगर के नरसिंह वार्ड बाखर के पास स्थित 200 साल पुराने बंजारी माता की मढ़िया में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। नवरात्र में पं.देवी प्रसाद रीछारिया द्वारा माता रानी की आरती करायी जाती है। वहीं चैत्र नवरात्रि की महाष्टमी पर 101 दीपों से माँ की महाआरती शाम 8 बजे की जायेगी। जहां सैकसै की संख्या में श्रद्धालु जन मौजूद रहेंगे। वहीं 18 अप्रैल को परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया है मढ़िया की समस्त भक्त मंडली द्वारा समस्त श्रद्धालुओं से भंडारे में उपस्थित हो कर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।



## छेडछाड के आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** माननीय न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नरसिंहपुर श्रीमती रश्मिना चतुर्वेदी के न्यायालय द्वारा आरोपी आयुष घोषी उम्र 22 वर्ष आत्मज विजय घोषी निवासी-महेन्द्र वार्ड करेली थाना करेली जिला नरसिंहपुर को 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो सौ रुपए अर्थदंड, एवं धारा-363 भा.दं.वि. में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं तीन सौ रुपए अर्थदंड, तथा धारा-7/8 पाक्सो एक्ट में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच सौ रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि अभियोक्त्री द्वारा दिनांक 19.08.2023 को अपने पिता के साथ महिला थाना नरसिंहपुर में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि वह महेन्द्र वार्ड करेली में रहती है, शांति विद्या निकेतन स्कूल करेली में कक्षा 10वी में पढ़ती है। एक साल पहले उसकी पहचान आयुष घोषी से होकर उससे बातचीत करती थी। दिनांक 13.08.2023 को शाम 6 बजे आयुष ने फोन पर कहा कि सोमवार को स्कूल जाते समय उससे मिलना, अगले दिन वह जब उसे मिली तो आयुष ने उसका दाहिना हाथ पकड़कर उसे बाईक पर बैठाकर रेत घाट लेकर गया, उसे जबरदस्ती गले लगाया और उसके दोनों गालों पर किस किया, अगले दिन आयुष फिर उसे बरमान ले गया और बोला कि उससे शादी करना चाहता है, उसके मना करने पर आयुष ने उसे पकड़कर जबरदस्ती गालों पर किस किया और बोला कि कल रेल्वे स्टेशन पर मिलना, मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। आयुष के कहने पर वह दिनांक 16.08.2023 को सुबह 11 बजे घर से गयी, ब्रिज के पास आयुष के मिलने पर वहां से रेल्वे स्टेशन करेली पहुंचे, जहां आयुष ने उसे उतार दिया, फिर उसके पिता उसे ढूंढते हुए आये और अपने साथ घर लेकर गये। अभियोक्त्री की उक्त रिपोर्ट के आधार पर महिला थाना नरसिंहपुर में अपराध कायम करते हुये प्रकरण विवेचना में लिया गया। संपूर्ण आवश्यक अनुसंधान पश्चात अभियोग पत्र इस न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## विधानसभा गोटेगांव के लिए 15 पिंक मतदान केन्द्र चयनित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 118 गोटेगांव के अंतर्गत 15 मतदान केन्द्रों को पिंक मतदान केन्द्र के लिए चयनित किया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा क्षेत्र- 14 मंडला विधानसभा क्षेत्र 118- गोटेगांव ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 26 ग्राम पंचायत बगलई ऊजर, मतदान केन्द्र क्रमांक 29 शा.प्राथमिक शाला भवन गर्रा, मतदान केन्द्र क्रमांक 35 शा. प्राथमिक शाला भवन कमोद, मतदान केन्द्र क्रमांक 35 शा. प्राथमिक शाला भवन बरौदा, मतदान केन्द्र क्रमांक 93शा. प्राथमिक शाला भवन रामनिवारी, मतदान केन्द्र क्रमांक 94 सीएम राईज स्कूल स्टॉफ रूम गोटेगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 96 शा.इंद्रा कन्या शाला का कक्ष क्रमांक एक गोटेगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 105 ठा. निरंजन सिंह शा. महा. विद्यालय पुस्तकालय के बाजू से कक्ष क्रमांक 28- 29, मतदान केन्द्र क्रमांक 109 शा. कन्या शाला भवन गोटेगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 115 कार्यालय वन विभाग दक्षिणी कक्ष गोटेगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 118 शासकीय प्राथमिक शाला भवन तिघरा, मतदान केन्द्र क्रमांक 123 एकीकृत शा.माध्यमिक शाला भवन दबकिया, मतदान केन्द्र क्रमांक 136 शा. माध्यमिक पुत्री शाला भवन पश्चिमी कक्ष बगासपुर, मतदान केन्द्र क्रमांक 141 शासकीय हाईस्कूल भवन पश्चिमी कक्ष चांदनखेड़ा, मतदान केन्द्र क्रमांक 200 शासकीय कन्या शाला भवन कक्ष क्रमांक 02 श्रीनगर को पिंक मतदान केन्द्र के रूप में चयनित किया गया है। विदित है कि निर्वाचन में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने और उनका मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यह पिंक बूथ बनाये जाते हैं। इसमें तैनात अधिकारी से लेकर सुरक्षा अधिकारी तक सिर्फ महिलायें होती हैं। इन केन्द्रों पर छोटे बच्चों को खेलने के लिए भी व्यवस्था होती है। इन बूथों को मतदान के लिए खास अंदाज में सजाया जायेगा।

## भीषण गर्मी में अनाज लेने से अनाज लेने से वंचित हितग्राही

**हरिभूमि न्यूज - करेली।** केंद्र एवं राज्य सरकार गरीब मजदूर वर्ग के लिए कितनी भी योजनाएं बनाएं पर इन योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद गरीब मजदूर व्यक्ति को मिल रहा है कि नहीं इस बात की चिंता न करते हुए उनका सही तरीके से निरीक्षण न करने के कारण पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित हो जाता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेवा सहकारी समिति के माध्यम से गरीब मजदूरी करने वाले व्यक्तियों को 5 साल तक गेहूं चावल निशुल्क देने की घोषणा करते हैं, पर इसका कितना अमल हो रहा है यह तो भगवान ही जाने ऐसे ही ग्राम पंचायत पिपरिया रांकई में सोमवार को देखने मिला यहां पर सेवा सहकारी समिति के द्वारा अनाज बाटने के दौरान देखा कि यहां की सोसाइटी में अनाज लेने वाले नागरिकों को भीषण गर्मी में पानी की व्यवस्था न होने के कारण ,धूप से बचने के लिए कोई व्यवस्था न होने से अनाज लेने वाले परेशान होते रहे और तो और सोमवार को गेहूं चावल नमक का स्टाक बोर्ड में भी कोई भी मात्रा नहीं लिखी थी भीषण गर्मी में बिजली दोपहर 1:00 बजे से बंद होने के कारण पीएस ओ मशीन न चलने के कारण अनाज लेने वाले अनाज लेने का इंतजार करते रहे।






## कम्युनिकेशन टीम का प्रशिक्षण सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 की पूर्व तैयारियों के तहत निर्वाचन संबंधी सूचनाओं के सम्प्रेषण, रिटर्निंग अधिकारी स्तर पर गठित कम्युनिकेशन कक्ष से संपर्क एवं निर्वाचन अधिकारी स्तर से निर्वाचन आयोग तक विभिन्न सूचनाओं के सम्प्रेषण हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी स्तर पर कम्युनिकेशन कक्ष में निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ से समाप्त होने तक कार्य करने हेतु संलग्न लोक सेवकों का प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। कलेक्टर श्रीमती पटले द्वारा कर्मचारियों से कम्युनिकेशन कक्ष के दायित्व को लेकर क्या करना, कैसे करना हैं और क्यों करना हैं की जानकारी ली गई। ब्लॉक स्तर पर कम्युनिकेशन कंट्रोल रूम से संबंधित समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उक्त प्रशिक्षण में जिला कम्युनिकेशन कक्ष प्रभारी डीपीसी डॉ. आरपी चतुवेर्दी, प्रोग्रामर श्री शरद यादव द्वारा संलग्न कर्मचारियों को पॉवर प्वाइंट स्लाइड के माध्यम से बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सहायक कलेक्टर श्री शुभम यादव (आईएएस), प्रत्येक विधानसभा के कम्युनिकेशन कक्ष प्रभारी, जिला, ब्लॉक प्रोग्रामर व दल के सदस्य मौजूद थे।

## नगर व क्षेत्र में भक्ति भाव से मनाया जा रहा नवरात्रि पर्व

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

हिंदू नव वर्ष के कैलेंडर अनुसार चैत्र नवरात्र पर्व का शुभारंभ 9 अप्रैल से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल को समाप्त होने वाला हैं। हिंदी नव वर्ष का शुभारंभ होने के साथ-साथ माता जगत जननी के चैत्र नवरात्र महोत्सव की शुरुआत भी हो गई हैं। नगर एवं क्षेत्र के माता जी के मंदिरों में प्रबंधन समितियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थायें की गई हैं। वहीं इन मंदिरों में श्रद्धालुगण प्रतिदिन माता रानी की पूजा अर्चना करने के लिए जा रहे हैं।

चैत्र नवरात्रि पर्व को श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाने के लिए स्थानीय बड़ा श्रीराम मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, शीतला माता मंदिर, लालबर्रा मार्ग पर स्थित गायत्री मंदिर, वारा में मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में स्थित माँ दुर्गा मंदिर एवं काली माता मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश व जवारों का विधि विधान के साथ पूजन कर स्थापना की गई हैं। इन सभी मंदिरों को विद्युत की झालरों से सजाया गया और श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। जहाँ पर प्रतिदिन पुजारियों व श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी की पूजा अर्चना की जा रही हैं। अष्टमी के दिन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जायेगी और 17 अप्रैल को रामनवमी के दिन पूजा अर्चना के बाद मनोकामना कलश व जवारों का विसर्जन किया जायेगा। ग्राम पंचायत रामपायली में प्रसिद्ध भगवान श्रीराम बालाजी के मंदिर में मनोकामना कलश व जवारे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर रखे गये हैं।

## आम जनता भाजपा के झुठे वादों में न आये आपना बहुमुल्य वोट एक अच्छी सरकार बनाने में दे : सम्राट सरस्वार

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र क्रमांक 15 के कांग्रेस पार्टी के उमीदवार सम्राट अशोक सिंह सरस्वार के समर्थन में कांग्रेस एकजुट रहकर जगह-जगह नुक्कड़ सभा एवं जनसपर्क के माध्यम से जनता से उनका आशीर्वाद और समर्थन वक्ताओं द्वारा मांगा जा रहा है। मतदान की तिथि निकट आते देख कांग्रेस ने भी अपनी सक्रियता को गति प्रदान कर दी है। उमीदवार सम्राट सरस्वार भी कांग्रेस नेताओं के साथ सीधे से सपर्क कर अपनी बात रख रहे है। 15 अप्रैल को परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झारा खेड़ा, खुरमुंडी, सलघट, टिकरिया, टेण्डवा, सीताडोंगरी, झांगुल, छपारा, हर्राभाट, टाटीघाट, कुमादेही, शैला, जामुनटोला, सरेखा, सुरवाही, खैरलांजी, चदिगां, मझगांव, तिरगांव, कोरजा, ढेमा, पोंगारझोडी, सिलगी, खरपडिया, सुकडी, उडदना सहित अनेक स्थानों पर जाकर सम्राट सरस्वार व उनकी टीम ने लोगों से संपर्क किया। परसवाड़ा विधायक के साथ विभिन्न ग्रामों की बैठकें लेकर उन्होने कांग्रेस के लिये आर्शिवाद मांगा।



**सम्राट सरस्वार का मुल उद्देश्य गरीबो की सेवा करना :** इस दौरान जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर पटले ने कहा कि सम्राट सरस्वार के दादा स्व. राणा हनुमान सिंह ने जिले किसान के उत्थान के लिये अरबो की 130 एकड़ जमीन दान में दे दी। जहां किरनापुर में स्थित बड़गांव में 42 एकड़ जमीन पर श्री राम भगवान का मंदिर बनवाया है। उन्होने आगे कहा कि सम्राट सरस्वार का मुल उद्देश्य गरीबो की सेवा करना है। श्री सरस्वार ने जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर रहते हुए १ रूपये का भ्रष्टाचार नही किया है। श्री पटले ने कहा कि अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम ऐसे आदमी को चुने जो बेदाग हो, जिसकी पूरी पूंजी आमजना हो, अब समय आ गया है की हमारे सभी बूथ में कार्य करने वाले कार्यकर्ता आमजनों को मतदान केन्द्र तक ले जाये और अपने मतों का सही उपयोग करे।

**भाजपा सरकार बनी तो, संविधान से होगा खिलवाड़:** इस दौरान परसवाड़ा विधायक मधु भगत ने कहा कि हमें भाजपा की सरकार बनने से रोकना है अगर उनकी सरकार बनती है तो सबसे पहले भाजपा सरकार संविधान से खिलवाड़ करेगी। इंदिरा गांधी द्वारा जो जमीन संविधान के तहत सुरक्षित की है उसे भी छिन ले लेगी भाजपा सरकार। आपके सभी अधिकारी छिन लेगी। उन्होने आमजनों से अपने आरक्षण बचाने की अपील करते हुए अपने मताधिकार का सही उपयोग कर अधिक से अधिक मतदान करने की बात कही।ताकि देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार खत्म हो सके।

## सामग्री देने से लेकर मतदान वापसी तक प्लान पर एआरओ के साथ प्लान पर चर्चा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को जिला पंचायत सभागृह में 6 विधानसभाओ के एआरओ, कम्युनिकेशन प्लान के नोडल और तहसीलदारों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से 18 अप्रैल को मतदान दलों को प्रदाय की जाने वाली सामग्री से लेकर 19 अप्रैल को मतदान पश्चात सामग्री प्राप्त करने की रूपरेखा पर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने विधानसभा वार एआरओ से उनके कम्युनिकेशन प्लान, सेक्टर अधिकारियों से संचार, प्रत्येक 2 घंटे में दी जाने वाले जानकारी, ईवीएम खराब होने के बाद बदलने की स्थिति आदि मुख्य बिंदुओं पर जानकारी ली गई। उन्होंने हिदायत दी कि रिजर्व ईवीएम मशीन जो सेक्टर अधिकारियों और एआरओ के पास रहेगी वो सिर्फ जीपीएस लगे वाहनों में ही रहें। पूरे निर्वाचन के दौरान किसी भी सेक्टर अधिकारी का मोबाइल या अन्य वजह से कम्युनिकेशन ब्रेक नही होना चाहिए। सेक्टर अधिकारी हर समय राउंड पर रहे। गलतियों को गुंजाइश नही है। कहीं भी कुछ असामान्य लगता है तो तुरंत उन्हें अवगत कराएं। मेडिकल की सारी व्यवस्थाएं की है। किसी भी दुर्घटना से बचने के पूरे प्रयास किये गए है।